**विदेशी विमानों को ईंधन भरने की सुविधा**

694. श्री रणजीत सिंह : क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर विदेशी विमानों के लिए ईंधन भरने की सुविधायें उपलब्ध है ; और

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है तथा चालू वित्तीय वर्ष के दौरान दिसम्बर, 1990 तक इससे कितनी धनराशि एकत्र की गई ?

**पेट्रोलियम और रसायन मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री सत्य प्रकाश मालवीय)** : (क) जी, हां ।

(ख) विदेशी जहाज आमतौर पर देश के निम्नलिखित हवाई अड्डों के माध्यम से उड़ान भरते हैं :--

| | |
|---|---|
| 1. बम्बई | 7. गोआ |
| 2. दिल्ली | 8. तिवेन्द्रम |
| 3. कलकत्ता | 9. अमृतसर |
| 4. मद्रास | 10. त्रिची |
| 5. हैदराबाद | 11. अहमदाबाद |
| 6. बंगलोर | 12. पटना |

विदेशी जहाजों को की गई विमानन टरबाइन ईंधन की बिक्री के जरिए चालू वित्तीय वर्ष के दौरान दिसम्बर, 1990 तक 318.25 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं ।]

**विदेशी संस्थानों के तकनीकी सहयोग से कोयला उत्पादन का बढ़ाया जाना**

695. सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :
श्री बलराम सिंह यादव :

क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में कोयला उत्पादन में वृद्धि करने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड ने कतिपय विदेशी संस्थानों के साथ समझौते किए है ;

(ख) यदि हां, तो चालू वर्ष के दौरान किन-किन देशों के साथ इस संबंध में समझौते किए गए हैं, उनके नाम क्या-क्या हैं ;

(ग) इन समझौतों के लागू हो जाने के परिणामस्वरूप देश में कोयले के वार्षिक उत्पादन में कुल कितनी वृद्धि होगी ; और

(घ) इन समझौतों को लागू करने के लिए कितनी अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता होगी ?

**ऊर्जा मंत्री (श्री कल्याण सिंह कालवी)** : (क) से (ग) कोल इण्डिया लिमिटेड ने अपनी कोयला खनन परियोजनाओं को नियमित किए जाने के लिए सोवियत संघ, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, आस्ट्रेलिया, पोलैंड तथा यूनाइटेड किंगडम के साथ सहयोग करार किए है । इन परियोजनाओं के पूरा हो जाने के बाद इन से 35.05 मि०टन प्रतिवर्ष कोयले का उत्पादन प्राप्त होने की संभावना है । क्रियान्वयाधीन परियोजनाओं का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है ।

चालू वित्तीय वर्ष के दौरान कोल इंडिया लि० ने निम्नलिखित के साथ करार किया--- ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि० की आंजरा परियोजना में शाफ्ट सिंकिंग में तकनीकी सहायता प्राप्त करने, नार्थ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि० की लाचिट खानी खान में लोडर द्वारा रूफिंग तथा स्क्रेपर युक्त चैम्बर प्रणाली की शुरूआत करने के लिए सोवियत संघ के साथ करार किया और नौर्दर्न कोलफील्ड्स लि० की बीना परियोजना में डिगेलिंग संयंत्र की स्थापना के लिए जर्मनी के साथ करार किया । इन करारों को क्रियान्वित किए जाने के लिए वार्षिक योजनाओं में तथा कंपनी के बजट में पर्याप्त वित्तीय व्यवस्था कर दी गई है ।